दिनांक 21–12–2017 को सचिव / मुख्य कार्यकारी अधिकारी पर्यटन की अध्यक्षता में केदारनाथ में ओ0एन0जी0सी0 के सी0एस0आर0 फण्ड के सम्बन्ध में आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

उपस्थितिः–

1. श्री एच0के0 उप्रेती, मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
2. श्री मोनू भटनागर, Chief Chemist, ओ0एन0जी0सी0।
3. श्री एस0सी0 झिल्डियाल, डी0जी0एम0(एच0आर0) ओ0एन0जी0सी0।
4. श्री जे0पी0एस0 तोमर, निदेशक वित्त।
5. श्री के0पी0 उप्रेती, निदेशक (क्यू0सी0) लोक निर्माण विभाग।
6. श्री एस0एस0 सामन्त, वरिष्ठ शोध अधिकारी, पर्यटन।
7. श्री सतीश बहुगुणा, जिला पर्यटन विकास अधिकारी, पर्यटन।

सर्वप्रथम मुख्य कार्यकारी अधिकारी / सचिव पर्यटन द्वारा केदारनाथ में किये जा रहे कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी एवं अवगत कराया कि केदारनाथ धाम में किये जा रहे कार्य प्रदेश शासन की प्राथमिकताओं मे से हैं। इन कार्यों की दैनिक आधार पर मॉनिटिरिंग की जा रही हैं। धाम में किये जाने वाले विभिन्न कार्यों को सी0एस0आर0 फण्ड के माध्यम से अलग–अलग संस्थानों द्वारा किया जायेगा। केदारपुरी टाऊन के लिये जिंदल स्टील वर्कस् (JSW) के आर्किटेक्ट के द्वारा तैयार नवीन डिजाईन एवं Reconstruction plan के आधार पर विकसित किया जाना है इस Reconstruction plan को मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा अक्टूबर 2017 को केदारनाथ धाम कपाट बन्द होने के अवसर पर उपस्थित होने के उपरान्त सुझाये गये सुझावों को सम्मिलित कर अन्तिम रूप दिया गया है। इस सम्बन्ध में विभिन्न सस्थानों / विभागों के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक व प्रस्तुतीकरण भी किया जा चुका है।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने ओ0एन0जी0सी0 द्वारा पूर्व के डिजाईन के आधार पर श्री केदारनाथ धाम के प्रवेश द्वार तक जाने वाले मार्ग के सौन्दर्यीकरण एवं चौड़ीकरण के लिये सी0आर0फण्ड से रू0 4,78,30,450 स्वीकृत किये जाने पर ओ0एन0जी0सी0 का आभार व्यक्त करते हुये अनुरोध किया कि चूंकि अब केदारनाथ धाम के प्रवेश द्वार तक जाने वाले मार्ग के सौन्दर्यीकरण एवं चौड़ीकरण का डिजाईन नवीन Reconstruction plan के अनुसार परिवर्तित

चुका है, जिस कारण इसके निर्माण लागत में वृद्धि हुयी है। इसलिये नये आंकलन के आधार पर सी0एस0आर0 फण्ड स्वीकृत करने की दिशा में आवश्यक कार्यवाही किये जाने का अनुरोध किया गया। बैठक में उपस्थित लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने अवगत कराया कि उनके द्वारा नवीन डिजाइन के अनुरूप डी0पी0आर0 तैयार किये जाने की कार्यवाही गतिमान है। इस कार्य के लिये रू0 10 करोड़ का व्यय अनुमानित है।

सचिव पर्यटन/मुख्य कार्यकारी अधिकारी बैठक में उपस्थित अधिकारियों के साथ विस्तृत विचार विमर्श करते हुये बैठक में निम्न निर्णय लिये गये।

1. लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिये गये है कि वे केदारनाथ धाम के प्रवेश द्वार तक जाने वाले मार्ग के सौन्दर्यीकरण एवं चौड़ीकरण की डी0पी0आर0 तत्काल तैयार कर प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

   (कार्यवाही—लोक निर्माण विभाग)

2. ओ0एन0जी0सी0 के अधिकारियों से अनुरोध किया गया है कि वे नये डी0पी0आर0 जिसमें लगभग रू0 10 करोड़ का व्यय अनुमानित है का प्रस्ताव सी0एस0आर0 फण्ड के अन्तर्गत स्वीकृत किये जाने के सम्बन्ध में अग्रेत्तर आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

   (कार्यवाही—ओ0एन0जी0सी0)

3. उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद् से श्री सतीश बहुगुणा, जिला पर्यटन विकास अधिकारी मुख्यालय को ओ0एन0जी0सी0 सी0एस0आर0 फण्ड के समन्वय के लिये नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

शासन स्तर से केदारनाथ में निर्माण कार्यों की दिन प्रतिदिन मॉनेटेरिंग की जा रही है। इसलिये सभी **Stake Holder** को समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण करने की अपेक्षा की गयी है।

अन्त में बैठक सधन्यवाद सम्पन्न हुयी।

(दिलीप जावलकर)
सचिव पर्यटन/मुख्य कार्यकारी अधिकारी